भारत सरकार

कारपोरेट कार्य मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या - 2438

(जिसका उत्तर मंगलवार, 11 अगस्त, 2015 को दिया गया)

<u>ओ.एन.जी.सी. की सी.एस.आर. निधियां</u>

2438. श्री प्रवीण राष्ट्रपाल:

क्या **कारपोरेट कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि ओ एन जी सी, गुजरात द्वारा उपलब्ध कराई गई कारपोरेट सामाजिक दायित्व (सी एस आर) निधि का ब्यौरा क्या है और वित्तीय वर्ष 2013-14 और 2014-15 के दौरान उन न्यासों अथवा गैर-सरकारी संगठनों के नाम क्या हैं जिन्हें उक्त निधियां प्रदान की गई थीं?

उत्तर

कारपोरेट कार्य मंत्री **(श्री अरूण जेटली)**

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2013-14 और 2014-15 के लिए गुजरात राज्य में ओएनजीसी के कारपोरेट सामाजिक दायित्व पहल के तहत प्रदान की गई धनराशि का ब्यौरा निम्नानुसार उपलब्ध कराया हैः

वित्त वर्ष	गुजरात में सीएसआर परियोजना के लिए प्रदान की गई राशि (करोड़ रुपए में)
2013-14	34.23
2014-15	26.55
कुल	60.78

ओएनजीसी द्वारा वित्त वर्ष 2013-14 और 2014-15 के लिए गुजरात राज्य के 320 से अधिक एनजीओ/न्यासों को अनुदान प्रदान किया गया। स्वीकृत अनुदान के आधार पर प्रथम दस एनजीओ/न्यासों के नाम अनुलग्नक में दिए गए हैं।

*****

अनुलग्नक

दिनांक 11.08.2015 के राज्य सभा अतारांकित प्रश्न सं. 2438 के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

	वित्त वर्ष 2013-14 और 2014-15 के दौरान गुजरात में सीएसआर के लिए प्रथम दस एनजीओ/न्यासों के नाम, जिन्हें ओएजीसी द्वारा निधि प्रदान की गई	**स्वीकृत राशि (रुपए में)**
1.	केंद्रीय विद्यालय	237971751
2.	एसवीपी रोटरी जनरल हॉस्पिटल अंकलेश्वर	130000000
3.	सरदार वल्लभ भाई पटेल रोटरी जनरल हॉस्पिटल	9312000
4.	ट्रैफिक एजुकेशन ट्रस्ट	8500000
5.	अहमदाबाद जनमार्ग लि.	5000000
6.	अंकलेश्वर के अमोद तालुका (भरुच जिला) में माटर गांव में सरकारी प्राथमिक विद्यालय	4587000
7.	अहमदाबाद नगर निगम	4466722
8.	मेहसाना सामान्य हॉस्पिटल	4250000
9.	सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लि.	3987487
10.	एसबीआई ओएनजीसी शाखा	2041550

*****